(E - 111) लहरायेगा लहरायेगा

(जय जय जय सब मिलकर बोलो)

लहरायेगा लहरायेगा झंडा श्री महावीर का........
झंडा श्री भगवानका, झंडा श्री भगवानका, झंडा श्री भगवानका;
झंडा श्री भगवानका....लहरायेगा.....

तीर्थंकरने जो फरकाया,
रत्नत्रय का मार्ग दिखाया,
अनेकान्त का चिह्न लगाया,
झंडा श्री महावीर का....लहरायेगा० १

सब जैनोंका जो है प्यारा,
आत्म धर्मका चमकीत तारा,
सब साधक का पूर्ण सहारा,
झंडा श्री महावीर का....लहरायेगा० २

सारे जगका जो है नायक,
मोक्ष मार्ग का है जो दायक,
भक्त जनोंका सदा सहायक,
झंडा श्री महावीर का....लहरायेगा० ३

शासनका सौभाग्य बढाता,
सब जीवोंको आनंददाता,
स्वावलंबन का पाठ पढ़ाता,
झंडा श्री भगवान का....लहरायेगा० ४

वीर कुंदने इसे लहराया,
गुरु कहानने फिर फहराया,
भारत भरमें नाद गूंजाया,
झंडा श्री भगवान का....लहरायेगा० ५